**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 05-05-2026**

**बोकारो(झारखण्ड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-05-05 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2026-05-06 | 2026-05-07 | 2026-05-08 | 2026-05-09 | 2026-05-10 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 8.0 | 6.7 | 1.6 | 2.1 | 5.2 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 35.7 | 36.4 | 37.2 | 38.2 | 36.8 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 24.7 | 25.2 | 25.9 | 26.0 | 25.4 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 73 | 73 | 73 | 75 | 76 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 35 | 30 | 27 | 26 | 34 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 6.2 | 4.9 | 6.2 | 7.5 | 10.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 126 | 253 | 201 | 163 | 168 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 5 | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेतावनी | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; ओलावृष्टि | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ |

## पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में मौसम में ठंडक का असर देखने को मिलेगा, लगातार वर्षा के कारण तापमान घटकर लगभग 36–38°C के बीच रहेगा और आर्द्रता अधिक बनी रहेगी। वर्षा, गरज-चमक, तेज हवाओं व कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना से मौसम अस्थिर रहने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

गरज-चमक के साथ तूफ़ान और बिजली गिरना, तेज़ हवाएँ आदि; ओलावृष्टि; ज़मीन पर तेज़ हवाएँ

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना, फलों का टूटना

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| आने वाले दिनों मे वर्षा की संभावना को देखते हुए किसान भाई खड़ी सब्जियों की फसलों से जल निकासी की उचित व्यवस्था कर लें तथा वर्षा के पश्चात मिट्टी में नमी को संरक्षित करने हेतु स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खर-पतवार, फसल अवशेष या पौलीथीन शीट का प्रयोग करें। साथ ही साथ इस नमी का उपयोग नए फसल लेने हेतु भी कर सकते हैं। धान की फसल मे जल जमाव बनाए रखें इसके लिए मेड़ों को तंदुरुस्त रखें। आम, अमरुद, लीची, के नए बगीचे हेतु समतल जमीन पर वर्गाकार या आयताकार गड्ढा कलमी आम के लिए 8 मी. x 8 मी. या 10 मी. x10 मी., आम्रपाली के लिए 5 मी. x 5 मी., तथा लीची के लिए 8 मी x 8 मी. की दूरी पर पौधे की रोपाई करें। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| जिन किसान भाइयों को पपीता का पौधा तैयार करना हो, वे इस समय पोलीथीन के थैले में मिट्टी तथा गोबर की सड़ी खाद मिलाकर भर दें तथा बीज डालने के बाद आवश्यकतानुसार सिंचाई करते रहें। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मक्का | ग्रीष्मकालीन मक्के की फसल में मिट्टी चढ़ाएं, जो कि घुटनों तक पहुंच गई हैं। फसल में प्रति एकड़ 26 किलोग्राम यूरिया डालें तथा अगर तना छेदक कीट के प्रकोप दिखाई दे तो बचाव हेतु किसान भाई फिप्रोनिल 0.3 जी या कारटॉप हाइड्रोक्लोरीड 4 जी का भुरकाव ऊपरी चक्र पर करें। |
| चावल | फसल में बाली निकलने की अवस्था में गंधी बग कीट के आक्रमण की संभावना रहती है। कीटों के हमले को नियंत्रित करने के लिए, किसानों को शाम के समय मैलाथियान 50 ईसी @ 500 मिली / हेक्टेयर का छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। |
| मूँग | फसल में निकाई गुड़ाई अवश्य करें जिससे मिटटी में नमी ज्यादा से ज्यादा दिनों तक रह सके। समय से बोई गई फसल इस समय पुष्पावस्था में है, अगर फूल मुरझा कर गिर रहा है तो इसका कारण फूलों पर थ्रिप्स कीट का आक्रमण हो सकता है। इस कीट से फसल को बचाने के लिए कीटनाशी दवा ट्राइजोफोस 40 ई. सी. का छिड़काव 1 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से शाम के समय साफ मौसम देखते हुए करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भिण्डी | भिंडी की फसल में तुड़ाई के बाद युरिया @ 5-10 कि.ग्रा. प्रति एकड़ की दर से डाले तथा माईट कीट की निरंतर निगरानी करते रहें। अधिक कीट (3 से 4 प्रति पौधे) पाये जाने पर ईथियॉन @1.5-2 मि.ली./लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। इस मौसम में भिंडी की फसल में हल्की सिंचाई कम अंतराल पर करें। |
| टमाटर | टमाटर के फसल में सुरंग कीट का आक्रमण होने पर थियाक्लोप्रिड 21.7 एस. सि. का छिड़काव मिलिलीटर प्रति लिटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | वर्तमान मौसम को देखते हुए पशुओं को हरे और सूखे चारे के साथ पर्याप्त मात्रा में अनाज दें। पशुओं को दिन में तीन से चार बार ताजा पानी पिलायें। मौसम की स्थिति को देखते हुए पशुओं को साफ़ सूखे एवं छायादार जगह पर रखें। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए गर्भवती गाय एवं भैस को 50-60 ग्राम मिनिरल मिक्सचर अवश्य खिलाएं तथा गर्मी के मौसम में प्रति पशु प्रति दिन 50-60 ग्राम नमक अवश्य खिलायें एवं पशु बाड़े के आस-पास मच्छर न पनपने दें। |

## मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

| मुर्गी पालन | मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मुर्गी | मुर्गगशाला में जरुरत से अधिक मुर्गियों को एक साथ ना रखें तथा ईनके अहार और पानी में खनिज (Zn, Cu, Mn आदि), इलेक्ट्रोलाइट्स, पॉटेश्यम एवं एंटी ऑक्सीडेंट विटामिन (सी,इ,ए) अवश्य शामिल करें। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | वर्षा के पानी को जमा करने के जलए अपने खेत के ढलान के निचले भाग में 10’ x 10’ x 10’ आकार का गड्ढा (डोभा) बना लें, जिससे संग्रहीत पानी का उपयोग फसल में आवश्यकतानुसार जीवन रक्षक सिचाई के रूप में किया जा सके |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| किसान भाई गरज चमक के समय कोई सुरक्षित जगह में रहे, फसलों का गिरना, फलों का टूटना |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| फसलों, विशेष रूप से सब्जियों को सहारा दें और सिंचाई तथा उर्वरकों व कीटनाशकों का छिड़काव रोक दें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**